# सेमीकंडक्टर यूनिट के लिए 4 कंपनियों के प्रस्ताव : IT मंत्री




■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ

## ईटी गवर्नमेंट की ओर से आयोजित कॉन्क्लेव में डिजिटल यूपी पर हुआ मंथन

सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की चार बड़ी कंपनियां यूपी में निवेश की तैयारी कर रही हैं। चार कंपनियों ने सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के लिए प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया है। इसकी जानकारी आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने ईटी गवर्नमेंट द्वारा लखनऊ में आयोजित डिजिटल उत्तर प्रदेश कॉन्क्लेव में कही। उन्होंने कहा कि यूपी डिजिटल क्रांति की ओर बढ़ रहा है। यूपी को ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर का अहम योगदान होगा।

सुनील कुमार ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान आईटी सेक्टर में 68 एमओयू साइन हुए, जिससे 1.50 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार AI से लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। चकबंदी में AI का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे किसानों को फायदा होगा।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यूपी ने मोबाइल फोन निर्माण में बड़ी सफलता अर्जित की है। देश के 55 प्रतिशत मोबाइल फोन यूपी में बनते हैं। प्रमुख सचिव आईटी ऐंड इलेक्ट्रॉनिक्स अनिल कुमार सागर ने AI पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता की।